संदेश

'गणेश चतुर्थी' के शुभ अवसर पर मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

गणेश चतुर्थी का पर्व श्री गणेश जी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो भारत के लोगों के अदम्य उत्साह, उमंग और उल्लास का प्रतीक है। सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा के अनुसार, इस पर्व में समाज के हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

इस समय हम सब कोविड-19 की वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मेरी कामना है कि विघ्नहर्ता श्री गणेशजी की कृपा से यह वैश्विक आपदा समाप्त हो तथा सभी देशवासी सुखी और निरोगी जीवन जिएं।

आइए, इस पर्व पर देश के सभी नागरिकों के बीच परस्पर सद्भाव, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लें।

****